एक नजर में

## धार जिले में स्थित 88 कंपोजिट मदिरा दुकानों निष्पादन हेतु ऑनलाइन टेण्डर 14 मार्च को अपरान्ह 4 बजे तक


**धार**। राज्य शासन के आदेशानुसार वर्ष 2026-27 (अर्थात 01 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक) की अवधि के लिए धार जिले में स्थित 88 कंपोजिट मदिरा दुकानों के 21 एकल समूहों में से प्रथम एवं द्वितीय चरण में निष्पादन से शेष रही 33 कंपोजिट मदिरा दुकानों के 08 एकल समूहों को निष्पादन के तृतीय बैच के लिए निर्धारित आरक्षित मूल्य पर ई-टेण्डर (*NIC*) के पोर्टल (*http://mptenders.gov.in*) पर ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादन किया जाएगा। सहायक आबकारी आयुक्त ने बताया कि तृतीय चरण के माध्यम से निष्पादित होने वाले मदिरा समूहों के निष्पादन की तिथिया एव कार्यक्रम अनुसार ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउन लोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि 14 मार्च 2026 को अपरान्ह 4 बजे तक रहेगा। इसी प्रकार ई-टेण्डर कम ऑक्शन प्रपत्र खोलने की तिथि 14 मार्च 2026 को अपरान्ह 4.05 बजे से, ई-टेण्डर कम ऑक्शन अंतर्गत ऑक्शन प्रारंभ एवं बंद होने की तिथि 14 मार्च 2026 को सायंकाल 5.30 बजे से सायकाल 6.50 बजे तक (तत्पश्चात 15 मिनिट के अंतराल में बोली दिए जाने पर आगामी 15 मिनिट के लिए समयावधि में वृद्धि), ई-टेण्डर खोलने की तिथि संबंधित समूह का ऑक्शन समाप्त होने अथवा 14 मार्च 2026 को सायंकाल: 6 बजे (जो भी बाद में हो) तथा जिला समिति द्वारा ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निराकरण किये जाने की तिथि ई-टेण्डर खोलने की प्रक्रिया पूर्ण होने तक रहेगी। अधिक जानकारी कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त धार से घोषित समयावधि में (अवकाश के दिन सहित) किसी भी दिन कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकेगी।

## पीएम-किसान की 22 वीं किस्त 13 मार्च को जारी की जाएगी

### *PACS* स्तर पर कार्यक्रमों के होंगे आयोजन

**धार**। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रधानमंत्री 13 मार्च 2026 को सायं 5 बजे गुवाहाटी, असम से पीएम-किसान की 22वीं किस्त जारी करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (*PM-KISAN* ) योजना के अंतर्गत लगभग 9.32 करो? पात्र किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (*DBT*) के माध्यम से लगभग 18,650 करो? रूपये की राशि हस्तांतरित की जाएगी। इस कार्यक्रम के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए अनुरोध किया है कि इस संबंध में कार्यक्रम का व्यापक रूप से प्रसार किया जाए तथा प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (क्क्ष्टस्), सहकारी सदस्यों एवं किसानों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए। जहां संभव हो, किसानों के लिए कार्यक्रम के सीधे प्रसारण (*Live Telecast*) को देखने हेतु उपयुक्त व्यवस्था भी की जा सकती है। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण निम्न लिंक पर उपलब्ध होगा *https://pmindiawebcast.nic.in/* पर उपलब्ध होगा।*PACS* एवं अन्य सहकारी संस्थाओं को स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने तथा किसानों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए, ताकि किसान सामूहिक रूप से कार्यक्रम का अवलोकन कर सकें।इसके अतिरिक्त, आयोजित कार्यक्रमों का विवरण एवं फोटोग्राफ संकलित कर इस मंत्रालय को उपलब्ध कराए जाएं, ताकि उन्हें कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को प्रेषित किया जा सके। सहकारी तंत्र के माध्यम से इस कार्यक्रम की व्यापक पहुँच एवं सहभागिता सुनिश्चित करने में आपका सहयोग अपेक्षित है।

## 5 वर्षो से माही मुक्तिधाम को हरा-भरा करने के लिए लगे अजनार दंपत्ति



**सरदारपुर** । सरदारपुर माही मुक्तिधाम को स्वच्छ रखने और हरा-भरा सौन्दर्यीकरण के लिए आर्मी से सेवानिवृत्त भारतसिंह पत्नि कमलाबाई दम्पत्ति 5 वर्षो से निस्वार्थ सेवा दे रहे हैं। यहां पर पौधारोपण किए गए पौधों को रोजाना पानी देना, मुक्तिधाम की साफ-सफाई करना रखना यह कार्य अपने दिनचर्या में ले लिया गया है। अजनार ने इस प्रतिनिधि को बताया की आर्मी में सेवा देने के बाद से ही माही मुक्तिधाम को सौन्दर्य रुप देने का संकल्प है। बताते है कि रोजाना सुबह 8 से शाम 5 बजे तक यही पर मुकाम रहता है, पत्नी कमलाबाई इस कार्य के लिए साथ देती है। अजनार का कहना है कि मनुष्य का अंतिम पड़ाव यही है, इसलिए क्यो नही अपना बचा बाकी समय अच्छे कार्य के लिए दिया जाए। गौरतलब है कि अजनार दम्पत्ति के मेहनती कार्य से प्रभावित होकर नगर परिषद सरदारपुर द्वारा 26 जनवरी को सम्मानित भी किया गया।

## जोनल डेफ क्रिकेट चैंपियनशिप का आगाज




**इंदौर.** इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) की 7वीं वन डे नेशनल जोनल डेफ क्रिकेट चैंपियनशिप 2026 का आगाज़ हो चुका है। इंदौर के द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में भव्य उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुए इस टूर्नामेंट को बीसीसीआई का सहयोग प्राप्त है. साथ ही, इसे डेफ इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल तथा एशियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन की मान्यता भी मिली हुई है. टूर्नामेंट के सभी मुकाबले एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल परिसर के चार अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएँगे. इस अवसर पर द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के स्पोर्ट्स ऑफिसर अकरम खान व विकास राजोरा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे. इस चैंपियनशिप की मेजबानी मध्य प्रदेश क्रिकेट फॉर द डेफ (एमएससीडी) कर रहा है।11 से 15 मार्च, तक चलने वाले इस सप्ताहभर के टूर्नामेंट में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए सुनने में अक्षम कई प्रतिभाशाली क्रिकेटर मैदान पर अपने हुनर का परचम लहराएँगे. चैंपियनशिप के बारे में बात करते हुए आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा 7वीं वन डे नेशनल जोनल डेफ क्रिकेट चैंपियनशिप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि हमारे खिलाड़ियों के जज़्बे, हिम्मत और प्रतिभा का उत्सव है.. आईडीसीए की सीईओ रोमा बलवानी ने कहा हमें खुशी है कि देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ी यहाँ खेल के जरिए यह दिखा रहे हैं कि खेल में एकजुटता कितनी महत्वपूर्ण है.







# धार में गैस पाइपलाइन पर आपदा प्रबंधन की मॉक ड्रिल

### जिला प्रशासन, एसडीआरएफ, पुलिस और विभिन्न एजेंसियों की संयुक्त भागीदारी, गैस रिसाव और आग की आपात स्थिति से निपटने का किया अभ्यास





**धार । गेल (इंडिया) लिमिटेड भारत सरकार का एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है जिसके पास प्राकृतिक गैस के गैस प्रसंस्करण संयंत्रों के साथ-साथ तकरीबन 20,000 किलोमीटर क्रॉस कंट्री प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क है। गेल, खेड़ा कम्प्रेसर स्टेशन, चिकली जिला उज्जैन विभिन्न जिलों जैसे इंदौर, उज्जैन, देवास, धार, शाजापुर, राजगढ़, आगर और रतलाम में मध्य प्रदेश में लगभग 778 किलोमीटर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के प्रचालन एवं प्रबंधन की देखरेख कर रहा है।**

कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं आपदा प्रबंधन योजना के अंतर्गत प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क पर संभावित आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों का परीक्षण करने के उद्देश्य से गेल (इंडिया) लिमिटेड खे?ा कम्प्रेसर स्टेशन ने जिला प्रशासन-धार, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल और पारस्परिक सहायता भागीदारों के सहयोग से 12 मार्च 2026 को मॉक ड्रिल का आयोजन किया।

ड्रिल का प्राथमिक उद्देश्य गेल (इंडिया) लिमिटेड, खेड़ा और जिला प्रशासन की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से किसी भी आपात स्थिति में भाग लेने के लिए संसाधनों की प्रभावकारिता, कौशल और पर्याप्तता का मूल्यांकन और जांच करना और आपातकालीन तैयारी प्रणालियों में और सुधार करना था।

आपातकालीन प्रतिक्रिया और आपदा प्रबंधन योजना की प्रभावकारिता का आकलन करने के लिए 36卐 एचवीजे (हजीरा विजयपुर जगदीशपुर) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के सीएच (*chainage*) नंबर 377.000 किलोमीटर पर, सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं पीएचसी परिसर के समीप, ग्राम मूल्थान, तहसील बदनावर, जिला धार मे प्राकृतिक गैस पाइपलाइन पर आग/विस्फोट के बाद विपुल गैस रिसाव का एक नकली परिदृश्य बनाया गया था।

श्री अविनाश बाउस्कर, महाप्रबंधक और प्रभारी अधिकारी, गेल (इंडिया) लिमिटेड-खेड़ा, उज्जैन ने एसडीओपी- बदनावर, तहसीलदार- बदनावर, पुलिस थाना प्रभारी-बदनावर और प्लाटून कमांडेंट (एसडीआरएफ-धार) की उपस्थिति और पर्यवेक्षण में ड्रिल कार्यवाही को नियंत्रित किया। इस मॉक अभ्यास का कुशलतापूर्वक नियंत्रण और प्रबंधन श्री अविनाश बाउस्कर, महाप्रबंधक एवं प्रभारी अधिकारी, गेल (इंडिया) लिमिटेड, खेड़ा, उज्जैन के नेतृत्व में टीम द्वारा किया गया। ड्रिल के समापन के बाद, साइट पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी कमियों और कमियों के रूप में सकारात्मक निष्कर्षों पर आगे सुधार के लिए प्रमुख हितधारकों द्वारा विचार-विमर्श किया गया।



### साइट पर बनाया गया दृश्य

जेसीबी ऑपरेटर ने जमीन की खुदाई करते समय अनजाने में भूमिगत 36 卐इंच एचवीजे प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को छतिग्रस्त (पंक्चर) कर दिया जिससे भारी गैस रिसाव शुरू हो गया और उसके बाद आग और विस्फोट हुआ। आपातकालीन प्रतिक्रिया दल ने गैस रिसाव और उसकी रोकथाम, सड़क यातायात नियंत्रण, बचाव और हताहतों को स्वास्थ्य देखभाल केंद्र/अस्पताल में स्थानांतरित करने, आस-पास के क्षेत्र के निवासियों को निकालने और राहत शिविरों में स्थानांतरित करने आदि को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया, ड्रिल के दौरान प्रभावी ढंग से समन्वय किया गया। गेल, खेड़ा कंप्रेसर स्टेशन-चिकली, राज्य जिला प्रशासन धार, एस.डी.एम- बदनावर द्वारा निर्देशित टीम, श्री अरविंद सिंह तोमर -एसडीओपी- बदनावर, श्री सुरेश नागर, तहसीलदार- बदनावर, एसडीआरएफ टीम (डीसी होमगार्ड), अग्निशमन सेवा- बदनावर तहसील, जिला आपदा प्रबंधन केंद्र, पुलिस अधिकारी, जिला चिकित्सा सेवाएं, और पारस्परिक सहायता भागीदार (*Mutual Aid Partners*) यानी गेल गैस, अवंतिका गैस, बीपीसीएल, मेघा गैस, आईएचबी-धार और आईओसीएल-बीपी, घटिया के सभी संबंधित विभागों ने मॉक ड्रिल अभ्यास को अत्यधिक सफल बनाने के लिए अपनी परिभाषित भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के अनुसार सक्रिय रूप से भाग लिया। आपातकाल से निपटने के लिए गेल- खेड़ा, नगर परिषद ङ्क बदनावर तहसील, बीपीसीएल (*ERV*) और आईएचबी धार से फायर टेंडर सेवा में लगाए गए थे।

# राजोद में शासकीय महाविद्यालय की मांग, मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र



**सरदारपुर । सरदारपुर के ग्राम राजोद में नवीन शासकीय महाविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर भाजपा के जिला मंत्री दीपक फेमस ने मुख्यमंत्री को पत्र सौंप कर शीघ्र स्वीकृति देने की मांग की है।**

पत्र में बताया गया कि राजोद क्षेत्र एक प्रमुख आंचलिक केंद्र है, लेकिन यहां एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के लिए शासकीय शिक्षण संस्थान का अभाव है। वर्तमान में विद्यार्थियों को स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए बदनावर (लगभग 30 किमी) या राजगढ़ (लगभग 40 किमी) तक जाना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक संसाधनों की समस्या उत्पन्न होती है।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र की अधिकांश आबादी कृषि और श्रमिक वर्ग से जुड़ी है। आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण कई प्रतिभावान विद्यार्थी, विशेषकर छात्राएं, उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं।

### राजोद में शासकीय महाविद्यालय की मांग

राजोद क्षेत्र लगभग 58 गांवों का प्रमुख केंद्र है और यहां हर वर्ष सैकड़ों विद्यार्थी हायर सेकेंडरी परीक्षा उत्तीर्ण करते हैं। स्थानीय स्तर पर महाविद्यालय की स्थापना होने से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। दीपक फेमस ने मुख्यमंत्री से क्षेत्र के जनहित और युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए राजोद में शासकीय महाविद्यालय स्वीकृत करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में विकास होगा बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। अब देखना,हे मुख्यमंत्री मोहनयादव देंगे सौगात या फिर भांजे भाजीया फिर इसी तरह भटकते रहे




## नगर केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा शहर में गर्मी से राहत हेतु प्याऊ का शुभारंभ

**धार** - पाटीदार चौराहे पर धार नगर केमिस्ट द्वारा पहले प्याउ पहले प्यार का शुभारंभ जिला अध्यक्ष डॉ अशोक शास्त्री एवं जितेन्द्र पाटीदार द्वारा किया गया । इस अवसर पर डी. आई. श्री जितेंद्र पाटीदार ने नगर एसोसिएशन को बधाई देते हुए कहा कि गर्मी में राहगीरों को ठंडे पानी से बहुत राहत मिलेगी। जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक शास्त्री ने कहा की गर्मी में राहगीरों को ठंडे पानी से बहुत सुकून मिलेगा साथ ही जिले में भी सभी जगह वहाँ के केमिस्ट साथियों द्वारा अपने स्तर सार्वजनिक स्थानों पर ठंडे पानी की प्याऊ लगाने का आह्वान किया ।

इस अवसर पर कई केमिस्ट साथी उपस्थित रहे इसमें मुख्य रूप से संरक्षक उमेश सोनी, जिला सचिव आशीष बांगर , वरिष्ठ केमिस्ट श्री राजेंद्र जी जायसवाल श्री धर्मराज पाटीदार श्री नितिन कर्मवीरकर श्री सुजीत जाट सहित अनेक केमिस्ट उपस्थित रहे । प्याऊ का संचालन नगर केमिस्ट के सचिव पंकज जी बोराना द्वारा किया जाएगा । यह जानकारी नगर केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनीत खत्री द्वारा दी गई ।

**एक नजर**

## जिला व अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. आरती शुक्ला पांडेय ने नगर परिषद कुक्षी के कचरा संग्रहण वाहनों को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया

# कुक्षी में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत, घर-घर होगा प्रचार

**कुक्षी। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धार, संजीव अग्रवाल के संरक्षण में आगामी 14 मार्च शनिवार को न्यायालय कुक्षी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस लोक अदालत में आपसी राजीनामे के आधार पर विभिन्न लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।**

इन प्रकरणों का होगा निराकरण- लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, चेक बाउंस (धारा 138 एनआई एक्ट), बैंक रिकवरी, सिविल मामले, मोटर दुर्घटना दावा, नगर परिषद के कर संबंधी मामले



और विद्युत संबंधी विवादों को आपसी सहमति से सुलझाया जाएगा। बैंक और विद्युत के प्रकरणों में शासन के नियमानुसार विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी।

अनूठी पहल- डोर-टू-डोर प्रचार- लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए तहसील विधिक सेवा समिति कुक्षी की अध्यक्ष एवं प्रथम जिला व अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. श्रीमती आरती शुक्ला पाण्डेय ने नगर परिषद कुक्षी के कचरा संग्रहण वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। अब ये वाहन घर-घर जाकर नागरिकों को लोक अदालत के माध्यम से विवाद सुलझाने के लिए प्रेरित करेंगे।

**बैठकों का दौर जारी-**

आयोजन की सफलता के लिए प्रशासन, पुलिस, बैंक और नगर परिषद के अधिकारियों के साथ निरंतर बैठकें की जा रही हैं।

इसी क्रम में माननीय प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश ने अधिवक्तागण के साथ भी संवाद किया, जहाँ अधिवक्ता संघ ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के दौरान द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री अंबुज पाण्डेय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सचिन कुमार जाधव, श्र हर्ष राज दुबे, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दिनेशचंद्र पाटीदार, सचिव प्रभु मण्डलोई सहित वरिष्ठ अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

न्यायालय प्रशासन ने सभी पक्षकारों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने लंबित मामलों का आपसी सहमति से निराकरण कराएं और समय व धन की बचत करें।